जन्मोत्सव | जिले में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई हनुमान जयंती, सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम के बीच 35 स्थानों पर हुए विविध आयोजन, मंदिरों में की गई विशेष पूजा-अर्चना

# हनुमान जन्मोत्सव पर निकली शोभायात्रा, मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़





**अनूपपुर, नवभारत 2 अप्रैल।** चैत शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर 2 अप्रैल को जिले भर में भगवान हनुमान का प्रकट्योत्सव श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय अनूपपुर सहित कोतमा, अमरकंटक, पुष्पराजगढ़, बिजुरी, भालूमाड़ा, जैतहरी और चचाई सहित करीब 35 स्थानों के मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, हवन, भजन-कीर्तन और भंडारे का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर कार्यक्रमों की शुरुआत 1 अप्रैल से ही हो गई थी, जहां हनुमान चालीसा पाठ और अखंड रामचरितमानस का आयोजन हुआ। 2 अप्रैल को इन आयोजनों का समापन हवन, आरती और प्रसाद वितरण के साथ किया गया।

### राम जानकी मंदिर में विधि-विधान से की गई पूजा

जिला मुख्यालय के हृदय स्थल स्थित राम जानकी मंदिर में विधि-विधान से पूजा कर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं अमहाई तालाब क्षेत्र के केशरी नंदन हनुमान मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें भगवान श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। शोभायात्रा नगर भ्रमण करते हुए पुनः मंदिर पहुंची, जहां पूजन, आरती और भंडारे का आयोजन हुआ।

### विधायक ने नव-निर्मित मंदिर के शिलालेख का किया अनावरण

सामतपुर स्थित प्राचीन शिव मारुति मंदिर में भी हर वर्ष की तरह इस बार भव्य आयोजन किया गया। सुबह विशेष पूजा, दोपहर भंडारा और शाम को भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें शहरभर के श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जगह-जगह भक्ति से ओतप्रोत झांकियां और रामधुन की गूंज सुनाई दी।

रजहा धाम हनुमान मंदिर में सुबह पूजा-अर्चना के बाद शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर विधायक बिसाहूलाल सिंह ने मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की और नव-निर्मित मंदिर के शिलालेख का अनावरण किया।

### पुष्पराजगढ़ में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

इंदिरा तिराहा स्थित अटल द्वार चेतनानगर और रेलवे कॉलोनी की छोटी मढ़िया सहित अन्य मंदिरों में भी विशेष पूजा, मानस कीर्तन और भंडारे का आयोजन हुआ। अमरकंटक के मार्कंडेय आश्रम तथा पुष्पराजगढ़ के धरहरकलां में स्वयंभू हनुमान की पूजा-अर्चना कर श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### बिजुरी के दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में रही भारी भीड़

बिजुरी के कुरजा गांव स्थित लंगड़ा दादा हनुमान मंदिर और बरंगवा के प्रसिद्ध दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने सुंदरकांड पाठ, रामधुन और भजन-कीर्तन के साथ भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## कोतमा में हनुमान चालीसा व भंडारे का आयोजन



कोतमा में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर कोतमा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। संकटमोचन भगवान हनुमान के जन्मोत्सव पर पूरा क्षेत्र 'जय श्रीराम' और जय हनुमान के जयघोष से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर ठाकुर बाबा धाम से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। कोतमा के पंचायती मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। नगर के विभिन्न मंदिरों और प्रमुख स्थानों पर भंडारों का आयोजन हुआ, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। नगर के प्रमुख हनुमान मंदिरों संकट मोचन मंदिर वार्ड क्रमांक 1, हनुमान मंदिर वार्ड क्रमांक 12, लहसुई कैंप वार्ड क्रमांक 13, ठाकुर बाबा धाम, वार्ड 3, वार्ड 8, निगवानी और बलिया बड़ी में सुबह से ही विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक का दौर चलता रहा।

### सुरक्षा के रहे पुख्ता इंतजाम

पुलिस अधीक्षक मोतिउर रहमान ने बताया कि जिले में 35 बड़े आयोजनों के लिए प्रशासनिक अनुमति दी गई थी। सुरक्षा व्यवस्था के तहत स्थानीय पुलिस बल के साथ पीटीएस उमरिया से अतिरिक्त बल तैनात किया गया। प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस मुस्तैद रही और यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया गया। मंदिरों में भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग की गई।

## सेवा का संकल्प, सुरक्षा का संबल, पुलिस की अनूठी पहल




हनुमान जयंती के पावन अवसर पर अनूपपुर पुलिस ने जनसेवा और यातायात सुरक्षा का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 'यातायात सुरक्षा एवं सेवा प्याऊ' का शुभारंभ किया। पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान ने स्वयं आमजन को शीतल जल पिलाकर इस जनहितकारी पहल की शुरुआत की। इस पहल की खास बात यह है कि एक ही स्थान पर सेवा प्याऊ, हेलमेट बैंक एवं लर्निंग लाइसेंस कैंप की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्याऊ के माध्यम से जहां लोगों को निःशुल्क ठंडा पानी मिल रहा है, वहीं हेलमेट बैंक के जरिए दोपहिया वाहन चालकों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही लर्निंग लाइसेंस कैंप में लोगों को सरल प्रक्रिया के तहत ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की सुविधा भी दी जा रही है।

## कुरजा और बरगवां के हनुमान मंदिरों में उमड़ी आस्था

अनूपपुर जिले के दो प्रसिद्ध हनुमान मंदिर कुरजानाथ हनुमान मंदिर और बरगवांनाथ हनुमान मंदिर विशेष रूप से श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बने रहे।

बिजुरी नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित कुरजा में स्थित यह प्राचीन हनुमान मंदिर लोगों की आस्था का प्रमुख केंद्र है। वर्ष 1932 में यहां सरई के पेड़ के तने में हनुमानजी की मूर्ति ग्रामीणों को दिखाई दी थी। इसके बाद उसी स्थान पर मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। मूर्ति की विशेषता यह है कि इसका एक हाथ और एक पैर नहीं है।



### आकाशीय बिजली गिरने से मूर्ति हुई थी क्षतिग्रस्त

बताया जाता है कि पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से मूर्ति क्षतिग्रस्त हो गई थी। इसी कारण स्थानीय लोग श्रद्धा से इन्हें लंगड़ा दादा कहकर पुकारते हैं। कई वर्षों तक पेड़ के नीचे ही पूजा-अर्चना होती रही, बाद में वर्ष 1962 में रेल लाइन निर्माण के दौरान मंदिर का निर्माण कराया गया। यहां प्रतिवर्ष कार्तिक पूर्णिमा पर भव्य मेले का आयोजन भी होता है।



### बरगवांनाथ के दक्षिणमुखी बजरंगबली करते हैं भक्तों का कल्याण

बरगवां नगर परिषद स्थित बरगवांनाथ हनुमान मंदिर भी जिले में गहरी आस्था का केंद्र है। यहां विराजमान बजरंगबली की प्रतिमा सोन नदी से प्राप्त हुई थी। पुजारी अविरल गौतम के अनुसार उनके दादा राम प्रपन्न मिश्रा को यह मूर्ति वर्ष 1958 में सोन नदी में मिली थी। यहां स्थापित दक्षिणमुखी हनुमान को विशेष रूप से मनोकामना पूर्ण करने वाला माना जाता है।

---

## एक नजर में



### शासकीय मॉडल स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

**कोतमा, नवभारत।** शासन के निर्देशानुसार नवीन शिक्षण सत्र 2026-27 के शुभारंभ पर शासकीय मॉडल स्कूल कोतमा में प्रवेश उत्सव बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, अभिभावकों और अतिथियों की भारी उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका परिषद कोतमा के अध्यक्ष अजय सराफ उपस्थित रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पार्षद वार्ड क्रमांक 2 अभिषेक सराफ, पार्षद वार्ड क्रमांक 4 राजेंद्र सोनी एवं मनु सोनी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य विनोद पटेल ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के तैल चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यालय में नवप्रवेशित एवं पुराने विद्यार्थियों का तिलक वंदन कर आत्मीय स्वागत किया गया, जिससे बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। प्रवेश उत्सव के दौरान विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें वितरित की गईं।



### पत्रकार मारपीट मामला : फरार दो आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में अवैध उगाही और मारपीट के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों अनीश पटेल एवं गंगाराम पटेल को कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 17 मार्च की रात आरोपियों द्वारा दो अलग-अलग घटनाओं को अंजाम दिया गया था। पहली घटना में रात लगभग 8 बजे फरियादी अभिजीत सिंह निवासी अनूपपुर के साथ अनीश पटेल, शिब्बू पटेल, मुकेश पटेल और गंगाराम पटेल ने अवैध उगाही के लिए मारपीट और गुंडागर्दी की। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। दूसरी घटना उसी रात करीब 11.30 बजे की है, जिसमें पत्रकार अमित कुमार शुक्ला के साथ भी आरोपियों ने मारपीट कर अवैध उगाही की। घटना के बाद से फरार चल रहे अनीश पटेल और गंगाराम पटेल ने 1 अप्रैल को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद कोतवाली पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर ले लिया है।

### शराब दुकान में मारपीट, लाखों रुपये पार करने का आरोप

**कोतमा, नवभारत।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र स्थित अंग्रेजी शराब दुकान में मारपीट और लूट की घटना सामने आई है। दुकान प्रबंधक ने कुछ लोगों पर हमला करने और लाखों रुपये पार करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार अंग्रेजी शराब दुकान के प्रबंधक राजकुमार राय देर शाम दुकान का शटर बंद कर अंदर दैनिक हिसाब-किताब कर रहे थे। इसी दौरान अजय, मोनू सिंह और कल्ला अपने कुछ साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और शराब देने की मांग करने लगे। मना करने पर आरोपियों ने शटर पीटना शुरू कर दिया और बाहर से ताला लगाने का प्रयास किया। बताया गया कि जैसे ही प्रबंधक बाहर आए, आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया और जमकर मारपीट की। इस दौरान उनकी जेब से करीब 25 से 30 हजार रुपये नगद और मोबाइल फोन छीन लिया गया। आरोप है कि हमलावरों ने दुकान के अंदर रखी बिक्री की लगभग 5 से 6 लाख रुपये की राशि भी पार कर दी।

---

# मवेशियों से भरी पिकअप पकड़ी, चालक फरार

**तितरी पोड़ी में गौ-तस्करी पर शिवसेना का एक्शन**



**जमुना कोतमा नवभारत 2 अप्रैल।** अनूपपुर जिले के तितरी पोड़ी गांव में गौ-तस्करी के खिलाफ शिवसेना कार्यकर्ताओं ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मवेशियों से भरी एक पिकअप वाहन को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। इस पूरी कार्रवाई का नेतृत्व शिवसेना शहडोल संभाग अध्यक्ष पवन पटेल ने किया।

जानकारी के अनुसार 31 मार्च को ग्रामीणों ने पवन पटेल को सूचना दी कि लपटा क्षेत्र से प्रतिदिन गौ-तस्करों द्वारा मवेशियों को पिकअप में भरकर फूंगा की ओर ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही पवन पटेल ने अपनी टीम के साथ सक्रियता दिखाई और देर रात करीब 11 बजे चांदपुर-महोदा मार्ग पर घेराबंदी कर एक संदिग्ध पिकअप को रोकने का प्रयास किया।

### पिकअप में मिले चार मवेशी

घेराबंदी होते ही पिकअप चालक तेज गति से वाहन भगाते हुए तितरी पोड़ी-जमुना मार्ग की ओर भागने लगा। पीछा करने पर पुलिया के पास चालक वाहन को खेत में घुसाकर मौके से फरार हो गया। जांच में पिकअप में चार मवेशियों को क्रूरतापूर्वक बांधकर भरा गया था, जिन्हें देखकर ग्रामीणों और शिवसैनिकों में आक्रोश फैल गया।

### गौ तस्करी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

इस दौरान पवन पटेल ने तुरंत भालूमाड़ा थाना प्रभारी को सूचना दी और मवेशियों से भरी पिकअप को पुलिस के हवाले करते हुए गौ-तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में गौ-तस्करी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस कार्रवाई में बरकत कुरैशी, हिमांशु पासी, विनय कुमार कोल, किशन चौधरी, समीर कोल, राहुल कोल, कुलदीप जायसवाल, विवेक गुप्ता, भूपेंद्र रावत, महेंद्र यादव सहित सैकड़ों शिवसैनिक मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बाइक फिसली, गर्भवती महिला सुरक्षित

**पिता और पति घायल, जिला चिकित्सालय में भर्ती**

**अनूपपुर, नवभारत 2 अप्रैल।** जिला मुख्यालय के चेतना नगर स्थित पेट्रोल पंप के पास गुरुवार दोपहर एक तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। हादसे में बाइक सवार ससुर और दामाद गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पीछे बैठी गर्भवती महिला बाल-बाल बच गई।

स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार घायलों की पहचान अमगवां थाना जैतहरी निवासी 45 वर्षीय ददन पनिका, उनकी 25 वर्षीय बेटी ज्योति पनिका और 29 वर्षीय दामाद लालमन पनिका के रूप में हुई है। ददन पनिका ने बताया कि उनकी बेटी गर्भवती है और एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। गुरुवार को डॉक्टर द्वारा सोनोग्राफी कराने की सलाह दी गई थी, जिसके लिए वे जिला अस्पताल आ रहे थे।

### पुलिस जांच में जुटी

इसी दौरान जैतहरी मार्ग पर केडिया पेट्रोल पंप के पास अचानक सामने से एक अन्य बाइक आ गई। उससे बचने के प्रयास में बाइक चला रहे लालमन पनिका ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे बाइक फिसल गई और तीनों सड़क पर गिर पड़े। हादसे में लालमन पनिका और ददन पनिका के सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जबकि गर्भवती ज्योति पनिका को मामूली चोटें आईं।

अस्पताल में स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा जांच के बाद गर्भवती महिला और गर्भस्थ शिशु दोनों को सुरक्षित बताया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

---

**कोतमा पुलिस की बड़ी सफलता, यूपी से लूटी गई थी कार**

# जंगल में मिली जली कार की गुत्थी सुलझी



**कोतमा नवभारत 2 अप्रैल।** कोतमा पुलिस ने चाका के जंगलों में मिली एक पूरी तरह से जली हुई कार के मामले में महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए उसकी पहचान उजागर कर दी है। पुलिस की जांच में यह खुलासा हुआ है कि उक्त वाहन उत्तर प्रदेश के फतेहपुर से लूटी गई थी, जिसे वारदात के बाद यहां लाकर जला दिया गया।

बीते दिन चाका के जंगल में मुख्य मार्ग से करीब 150 मीटर अंदर एक लावारिस कार जली हुई हालत में मिली थी। वाहन पूरी तरह खाक हो चुका था, जिससे उसकी पहचान करना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती थी। हालांकि, कोतमा पुलिस की तत्परता से गाड़ी का नंबर P16 AL 5178 (हुंडई वर्ना) ट्रेस कर लिया गया। वाहन की जानकारी जुटाने पर पता चला कि इस कार के संबंध में उत्तर प्रदेश के फतेहपुर थाने में बीते 27 मार्च को मामला दर्ज किया गया था।

### साक्ष्य मिटाने कार को लगा दी थी आग

दर्ज रिपोर्ट के अनुसार बदमाशों ने ड्राइवर को नशीला पदार्थ खिलाकर शिकार बनाया और कार लूटकर फरार हो गए थे। आशंका जताई जा रही है कि लुटेरों ने अपनी पहचान छिपाने और साक्ष्य मिटाने के उद्देश्य से कार को कोतमा के सुनसान जंगल में लाकर आग के हवाले कर दिया। गाड़ी की पहचान फतेहपुर यूपी के वाहन के रूप में हुई है। वहां की पुलिस से संपर्क कर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

---

उपलब्धि | तकनीकी दक्षता का बना उदाहरण, वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान संयंत्र ने कुल 1733 .55 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया

# ताप विद्युत गृह चचाई का मास्टरक्लास प्रदर्शन, जीरो ट्रिपिंग का रिकॉर्ड



**अनूपपुर, नवभारत 2 अप्रैल।** अनूपपुर जिले में स्थित अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट तकनीकी दक्षता और परिचालन क्षमता का प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। 210 मेगावाट स्थापित क्षमता वाले इस विद्युत गृह ने पूरे वर्ष शून्य विशिष्ट तेल खपत और जीरो ट्रिपिंग जैसी दुर्लभ उपलब्धियां हासिल कर ऊर्जा क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान दर्ज कराई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान संयंत्र ने कुल 1733.55 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन किया। इस अवधि में प्लांट उपलब्धता कारक 98.29 प्रतिशत और प्लांट लोड फैक्टर 94.24 प्रतिशत दर्ज किया गया, जो मध्यप्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा निर्धारित 85 प्रतिशत मानक से काफी अधिक है। यह उपलब्धि संयंत्र की उच्च स्तरीय योजना, तकनीकी मजबूती और कुशल संचालन प्रणाली को दर्शाती है।

### सटीक लोड प्रबंधन की रही अहम भूमिका

पूरे वित्तीय वर्ष में एक भी बार ट्रिपिंग नहीं होना विद्युत उत्पादन क्षेत्र में अत्यंत चुनौतीपूर्ण माना जाता है। चचाई विद्युत गृह ने इस लक्ष्य को हासिल कर इसे 'मास्टरक्लास प्रदर्शन' का दर्जा दिलाया है। इसके पीछे अभियंताओं और तकनीकी टीम द्वारा समयबद्ध अनुरक्षण, उन्नत निगरानी और सटीक लोड प्रबंधन की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### निरंतर उत्पादन बना उपलब्धि का आधार

पावर हाउस की यूनिट नंबर-5 ने 1 अक्टूबर 2024 से लगातार विद्युत उत्पादन जारी रखा है, जो संयंत्र की विश्वसनीयता और संचालन क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह निरंतरता तकनीकी दक्षता और टीमवर्क का परिणाम मानी जा रही है।

### राष्ट्रीय स्तर पर पहचान और मजबूत होगी : सिंह

मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रदर्शन कंपनी की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान को और मजबूत करेगा। डायरेक्टर टेक्निकल सुबोध निगम ने इसे कठिन उपलब्धि बताते हुए अभियंताओं और कर्मचारियों की सराहना की और इसे ऊर्जा क्षेत्र के लिए आदर्श मानक बताया।

### एचवीपी टीकाकरण के लिए बालिकाओं को प्रेरित करें : सीईओ

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने पुष्पराजगढ़ विकासखंड के सुदूरवर्ती ग्रामों नौगंवा, भमरहा, लेढरा, नगुला और करपा का दौरा कर विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने शाला प्रवेशोत्सव, एचपीवी टीकाकरण एवं सिकल सेल स्क्रीनिंग जैसे महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति का जायजा लिया। भ्रमण के दौरान सीईओ ने एचपीवी वैक्सीनेशन कार्य की समीक्षा करते हुए किशोरियों एवं उनके अभिभावकों को टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक किया और अधिक से अधिक संख्या में टीकाकरण कराने के लिए प्रेरित किया।